**बिहार सरकार**

**विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग**

# आदेश

**आ०सं०– वि० प्रा० (III) स्थानांतरण–01/2024/ /पटना, दिनांक –**

विभागीय अधिसूचना संख्या–3482, दिनांक–30.06.2025 द्वारा श्री दीपेश कुमार पासवान, व्याख्याता (यांत्रिक), राजकीय पोलिटेकनिक, सुपौल को कार्यहित एवं प्रशासनिक दृष्टिकोण से राजकीय पोलिटेकनिक, पूर्णियाँ में अगले आदेश तक के लिए पदस्थापित किया गया है, जिसके आलोक में श्री पासवान द्वारा राजकीय पोलिटेकनिक, पूर्णियाँ में दिनांक–04.07.2025 (पूर्वाह्न) को योगदान किया गया है।

विदित हो कि विभागीय आदेश संख्या–4205, दिनांक–20.09.2024 द्वारा श्री दीपेश कुमार पासवान, व्याख्याता (यांत्रिक), राजकीय पोलिटेकनिक, सुपौल को गुणवत्ता सुधार कार्यक्रम (Q.I.P.) 2024 के अंतर्गत एम०टेक० कोर्स में नामांकन हेतु अनुमति एवं आदेश निर्गत की तिथि से दो वर्ष तक अध्ययन अवकाश (सवैतनिक) की स्वीकृति प्रदान की गयी है, जिसके आलोक में श्री पासवान अध्ययन अवकाश का उपभोग कर रहे थे।

प्रभारी प्राचार्य, राजकीय पोलिटेकनिक, पूर्णियाँ का पत्रांक–258, दिनांक–04.07.2025 द्वारा श्री दीपेश कुमार पासवान, व्याख्याता (यांत्रिक), राजकीय पोलिटेकनिक, पूर्णियाँ को एम०टेक० कोर्स पूरा करने हेतु शेष अध्ययन अवकाश का उपभोग किये जाने के लिए विरमित करने का अनुरोध किया गया है।

तदालोक में श्री दीपेश कुमार पासवान, व्याख्याता (यांत्रिक), राजकीय पोलिटेकनिक, पूर्णियाँ को विभागीय आदेश संख्या–4205, दिनांक–20.09.2024 के आलोक में गुणवत्ता सुधार कार्यक्रम (Q.I.P.) 2024 के अंतर्गत एम०टेक० कोर्स को पूरा करने हेतु आदेश निर्गत की तिथि से शेष अध्ययन अवकाश का उपभोग करने के लिए विरमित किया जाता है।

(i) इसमें सचिव का अनुमोदन प्राप्त है।

**ह०/–**<br>**(अहमद महमुद)**<br>**अपर सचिव–सह–निदेशक।**

**ज्ञापांक – वि० प्रा० (III) स्थानांतरण–01/2024/ /पटना, दिनांक –**

**प्रतिलिपि–** प्रभारी प्राचार्य, राजकीय पोलिटेकनिक पूर्णियाँ /कोषागार पदाधिकारी, जिला कोषागार, पूर्णियाँ /प्रभारी पदाधिकारी, वित्त (वै०दा०नि०को०) विभाग, बिहार, पटना/सचिव, राज्य प्रावैधिक शिक्षा पर्षद, पटना/संबंधित व्याख्याता को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह०/–
**अपर सचिव–सह–निदेशक।**

**ज्ञापांक – वि० प्रा० (III) स्थानांतरण–01/2024/** 3602 **/पटना, दिनांक –** 07/7/25

**प्रतिलिपि–**सचिव के प्रधान आप्त सचिव/निदेशक कोषांग/ आई०टी० मैनेजर (अपलोड हेतु), विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

7/7/25
**अपर सचिव–सह–निदेशक।**

नीतीश/3/04.07.25